


**बताई हार की वजह**

विपक्षी कप्तान कायरन पोलार्ड ने कहा, 'हमने 23 रन अतिरिक्त दिए, जिनमें 14 या 15 वाइड गेंदें थी यानी अतिरिक्त गेंदें भी दे डाली। भारत जैसी टीम को इतने फालतू रन और गेंद देने का खामियाजा तो भुगतना पड़ेगा।' उन्होंने कहा, 'आप हर स्थिति में नकारात्मकता ढूंढ सकते हैं लेकिन जीवन सकारात्मकता का नाम है। आगे बढ़कर सुधार करना जरूरी है। मैं बल्लेबाजों की तारीफ करना चाहता हूं जिन्होंने रणनीति पर बखूबी अमल किया।'

## विराट कोहली का नोटबुक सेलिब्रेशन, पोलार्ड बोले– कोई दिक्कत नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैदराबाद। भारतीय कप्तान विराट कोहली का नोटबुक सेलिब्रेशन चर्चा में है। सोशल मीडिया पर उनका उनका विडियो खूब वायरल हो रहा है। इस मामले पर जब विपक्षी कप्तान कायरन पोलार्ड से पूछा गया तो उन्होंने कहा– बल्लेबाज खुद को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसा करते हैं। इसके साथ ठीक हूं मैं। उन्होंने कहा– यह खेल का हिस्सा होता है। कभी–कभी आपको खुद को रन बनाने के लिए प्रोत्साहन के रूप में ऐसा करना पड़ता है। गौरतलब है कि केसरिक विलियम्स के ओवर में चौका और छक्का लगाने के बाद विराट कोहली ने पर्ची फाड़ने की अंदाज में जश्न मनाया था, जिसे नोटबुक सेलिब्रेशन भी कहा जा रहा है। उन्होंने बताया था कि विलियम्स ने ऐसा ही जश्न 2017 में जमैका टी–20 के दौरान उन्हें आउट करने के बाद मनाया था। वह इस बात को नहीं भूले थे। पोलार्ड ने विराट की तारीफ करते हुए कहा– कोहली महान हैं और जबरदस्त फॉर्म में हैं। वह लगातार साबित कर रहे हैं कि वह वर्ल्ड क्लास बल्लेबाज हैं।

# सीरीज जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगा भारत

**क्रिकेट**

## टीम इंडिया ने छह विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज में 1-0 की बढ़त ली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तिरुवनंतपुरम। पहले मैच में बेहतरीन जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम रविवार को यहां ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में वेस्ट इंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे टी–20 मैच में सीरीज जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने शुक्रवार को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए पहले टी–20 मैच में कप्तान विराट कोहली (नाबाद 94) की बेहतरीन तूफानी पारी के दम पर विंडीज द्वारा रखे गए 208 रनों के विशाल लक्ष्य को आसान साबित कर छह विकेट से जीत दर्ज सीरीज में 1–0 की बढ़त ले ली। यह भारत की टी–20 में रनों का पीछा करते हुए अभी तक की सबसे बड़ी जीत भी है। भारत की इस जीत में कोहली के अलावा लोकेश राहुल का भी योगदान रहा



जिन्होंने कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी कर टीम क जीत की नींव रखी। राहुल ने इस साझेदारी में 62 रनों का योगदान दिया था।

टीम ने बल्ले से जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे कोहली और टीम प्रबंधन बेहद खुश होंगे और चाहेंगे कि आगे के मैचों में भी बल्लेबाजों की यही फॉर्म जारी रहे। लेनिक टीम को बाकी के दो विभागों– गेंदबाजी और फील्डिंग में ध्यान देने की जरूरत है। पिछले मैच को देखा जाए तो इन दोनों विभागों में टी–20 रैंकिंग में दुनिया की पांचवें नंबर पर की टीम को सुधार करने की जरूरत है। भारत ने पहले मैच में कई कैच छोड़े थे, जिसका फायदा उठाकर कैरेबियाई बल्लेबाजों ने स्कोर बोर्ड पर 207 रन टांग दिए थे।

दूसरी तरफ वेस्ट इंडीज की टीम इस मैच को जीतकर सीरीज में बने रहना चाहेगी। अफगानिस्तान से 1–2 से सीरीज हारने के बाद विश्व चैंपियन विंडीज टीम किसी भी हाल में एक और सीरीज नहीं गंवाना चाहेगी। पहले टीम में कैरेबिाई टीम की गेंदबाजी बेअसर रही थी और वे 207 रन का स्कोर बनाने के बावजूद भी इस स्कोर को बचाव नहीं कर पाई थी। कप्तान कायरन पोलार्ड ने मैच के बाद खुद भी माना कि टीम को अपनी गेंदबाजी में सुधार करने की जरूरत है। टीम ने 23 रन अतिरिक्त दिए थे और पोलार्ड ने मैच के बाद इसी को हार का अहम कारण बताया था।

## भारत ने तीन देशों के महिला जूनियर हॉकी टूर्नमेंट में न्यू जीलैंड को हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कैनबरा। शर्मिला देवी के दो गोलों की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने तीन देशों के टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में न्यू जीलैंड को 4–1 से हराया। न्यू जीलैंड के लिए ओलिविया शेनोन ने चौथे मिनट में ही गोल दाग दिया। शर्मिला ने 12वें और 43वें मिनट में गोल किया जबकि ब्यूटी डुंगडुंग ने 27वें और लालरिंडिकी ने 48वें मिनट में गोल दागे।

भारत ने चौथे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर गंवाया जिस पर न्यू जीलैंड के लिए ओलिविया ने गोल दागा। भारत ने पहले ही क्वॉर्टर में वापसी की और शर्मिला के गोल के दम पर बराबरी कर



ली। दूसरे क्वॉर्टर में दोनों टीमों को कई मौके मिले लेकिन कोई भुना नहीं सका।

भारत ने 27वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। भारतीय फॉरवर्ड ब्यूटी ने यह गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। भारत की बिचू देवी खारिबम ने कीवी हमलों को नाकाम कर दिया। तीसरे क्वॉर्टर में भारत के लिए शर्मिला ने दूसरा गोल किया और 48वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत ने बढ़त 4–1 की कर ली जो अंत तक कायम रही।

अब भारतीय टीम रविवार को ऑस्ट्रेलिया से चौथा और आखिरी मैच खेलेगी।

## संजय मांजरेकर ने लिखे गीत के बोल लोगों ने कॉमेंट्री पर ही उठाए सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैदराबाद। हैदराबाद में महिला डॉक्टर के साथ हुए गैंगरेप मामले में चारों आरोपियों के पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने के बाद पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने शनिवार को एक फिल्मी गाने के बोल ट्वीट किए। किशोर कुमार के सॉन्ग का जिक्र करते हुए उन्होंने ट्वीट में लिखा, ये पब्लिक है, सब जानती है। डॉक्टर से गैंगरेप और हत्या के आरोपियों का शुक्रवार को हैदराबाद पुलिस ने कथित एनकाउंटर कर दिया था जिसके बाद इस मुठभेड़ के सही–गलत होने पर बहस छिड़ी हुई है। पुलिस का ऐक्शन सवालों के घेरे में है, लेकिन बड़ी तादाद में लोग इस मुठभेड़ के पक्ष में भी दिख रहे हैं।

भारत के लिए 37 टेस्ट और 74 वनडे इंटरनैशनल मैच खेल चुके संजय मांजरेकर ने लिखा, किशोर कुमार का एक मशहूर गीत है– ये पब्लिक है, ये सब जानती है। जनता को इतना भोला मत समझो। उन्होंने हैशटैग किया– रेपिस्ट एनकाउंटर। इस ट्वीट के बाद हालांकि लोग उनकी कॉमेंट्री पर भी सवाल उठाने लगे। एक यूजर ने लिखा, आपकी कॉमेंट्री बैन होने वाली है। कृपया आप इस तरह के सोशल मुद्दों पर इस तरह की बातें ना करें।

## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान ने 10 साल बाद बल्लेबाज फवाद आलम को टीम में शामिल किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए 10 साल में पहली बार 34 साल के मध्यक्रम बल्लेबाज फवाद आलम को टीम में शामिल किया। मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच मिसबाह उल हक ने शनिवार को कहा कि घरेलू क्रिकेट में हाल के शानदार प्रदर्शन को देखकर ही इस बाएं हाथ के बल्लेबाज का चयन किया गया है। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप का हिस्सा है जो अगले बुधवार से रावलपिंडी में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट 19 से 23 दिसंबर तक कराची में होगा। आलम ने पिछला टेस्ट मैच 2009 में न्यूजीलैंड के खिलाफ डुनेडिन में खेला था। उन्होंने जुलाई 2009 में श्रीलंका के खिलाफ पदार्पण टेस्ट में शतक जड़ा था। इस तरह पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में बुरी तरह हारने वाली 16 सदस्यीय टीम में दो बदलाव किये हैं जिसमें एक आलम हैं जिन्हें इफ्तिखार अहमद की जगह शामिल किया गया है।

### बास्केटबाल खिलाड़ी सतनाम डोपिंग परीक्षण में विफल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। एनबीए टीम में शामिल हुए पहले भारतीय खिलाड़ी सतनाम सिंह भामरा पिछले महीने डोपिंग परीक्षण में विफल रहे जिसके बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। पंजाब के 23 साल के खिलाड़ी को 2015 में एनबीए टीम में चुना गया था लेकिन वह दक्षिण एशियाई खेलों की तैयारियों के लिये लगाये गये शिविर के दौरान नाडा द्वारा बेंगलुरू में टूर्नामेंट के बाहर आयोजित हुए परीक्षण में विफल रहे। नाडा द्वारा जारी पत्रिका के अनुसार उन्हें 19 नवंबर को अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। भामरा ने व्यक्तिगत कारणों से एक दिसंबर से शुरू हुए 13वें दक्षिण एशियाई खेलों से हटने का फैसला किया था। सात फुट दो इंच का यह खिलाड़ी सैग के लिये बेंगलुरू के साई सेंटर में ट्रेनिंग कर रहा था। भामरा के मूत्र के ए नमूने में पाये गये प्रतिबंधित पदार्थ का पता नहीं चला है। नाडा के नियमों के अनुसार एक एथलीट के पास ए नमूने का नोटिस मिलने के सात दिन के अंदर बी नमूने की जांच कराने का अधिकार है।

### विराट का टाइम नहीं, दौर हैः सहवाग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैदराबाद। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने दमदार प्रदर्शन करते हुए वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले टी20 में 94 रन की नाबाद पारी खेली। उनकी पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां खेले गए टी20 मुकाबले में वेस्ट इंडीज को 6 विकेट से हराकर 3 मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। इसके बाद पूर्व धुरंधर ओपनर वीरेंदर सहवाग ने भी उनकी तारीफ की। विराट ने 50 गेंदों की अपनी नाबाद पारी में 6 चौके और 6 छक्के जड़े। मेहमान टीम ने 5 विकेट पर 207 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, जिसे कप्तान विराट की सर्वश्रेष्ठ पारी ने बौना साबित कर दिया। मैच विजयी पारी के लिए विराट को मैन ऑफ द मैच चुना गया जो टी20 इंटरनैशनल में उनका रेकॉर्ड 12वां अवॉर्ड है।

### महिला क्रिकेट में नेपाल की अंजलि का कमाल, 1 रन देकर झटके 10 विकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। किसी भी इंटरनैशनल मैच में ऐसा आश्चर्य ही होगा कि टीम के 10 बल्लेबाज कोई रन ही ना बना पाएं लेकिन ऐसा शनिवार को हुआ। हैरान होने की बात ही है कि मालदीव महिला टीम की 10 बल्लेबाज कोई रन बनाए बिना ही पविलियन लौट गईं, टीम की ओपनर ऐमा ने 1 रन बनाया जबकि एस्क्ट्रा से 7 रन मिले। साउथ एशियन गेम्स की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के प्लेऑफ मुकाबले में नेपाल के खिलाफ मालदीव टीम 11.3 ओवर में 8 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके पीछे एक बार फिर नेपाल की अंजलि चंद का ही हाथ रहा जिन्होंने 4 ओवर में 3 मेडन और केवल 1 रन देकर 4 विकेट झटक लिए। नेपाल की महिला टीम ने 7 गेंदों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।